लोकतंत्र को अराजकता की आग में झोंकने का हो रहा प्रयास-योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को गाजियाबाद में आयोजित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता मिटाओ पदयात्रा के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। कार्यक्रम के मंच पर पहुंचकर उन्होंने कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर निशाना साधा। योगी के भाषण की शुरुआत होते ही वहां मौजूद लोगों ने भगवान राम, हनुमान, कृष्ण और महादेव के जयकारे लगाए। मुख्यमंत्री से पहले गाजियाबाद के सांसद, उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और मुरादनगर के विधायक अजीतपाल त्यागी ने मंच से अपनी बात रखी। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और विपक्षी इंडी गठबंधन पर देश के लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र जनता के विश्वास, संवैधानिक मर्यादाओं और जनादेश के सम्मान पर आधारित देश की राष्ट्रीय शक्ति है, लेकिन जनता द्वारा लगातार नकारे जा रहे कांग्रेस और इंडी गठबंधन की ओर से भारतीय लोकतंत्र को अराजकता, अस्थिरता और अव्यवस्था की आग में झोंकने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वह लोकतंत्र की रक्षा, संवैधानिक मर्यादाओं के सम्मान और जनादेश की सर्वोच्चता का संदेश लेकर गाजियाबाद में आयोजित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता मिटाओ पदयात्रा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। योगी ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए जनता के विश्वास और उसकी सक्रिय भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। मुख्यमंत्री के इस बयान को कांग्रेस और इंडी गठबंधन के खिलाफ भाजपा के राजनीतिक हमले के तौर पर देखा जा रहा है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गोरखनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

गोरखपुर,। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार गोरखपुर आए नितिन नबीन ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया। पूरे विश्व में प्रसिद्ध नाथपंथ की इस पीठ पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भावपूर्ण स्वागत किया। गोरखनाथ मंदिर आगमन पर नितिन नबीन शिवावतार गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा के समक्ष पहुंचे और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धावनत होकर दर्शन-पूजन किया। उनके साथ गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य कई जनप्रतिनिधि



भी उपस्थित रहे। दर्शन-पूजन के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर और नाथपंथ से जुड़ी जानकारियां राष्ट्रीय अध्यक्ष को दीं। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष को अंगवस्त्र, प्रसाद और गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा भेंटकर अभिनंदन किया।

दीपावली पर उपहार के साथ हुनरमंद हाथों का भी करें सम्मानः मुख्यमंत्री

लखनऊ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आत्मीयता, उल्लास और लोकमंगल की भावना का पर्व है। इस पावन अवसर पर अपने प्रियजनों को उपहार देते समय प्रदेश के हुनरमंद कारीगरों और शिल्पकारों को भी याद रखें। उनकी साधना से उत्तर प्रदेश की कला और शिल्प को विशिष्ट पहचान मिली है।मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना ने प्रदेश की पारंपरिक कलाओं को नई पहचान दिलाई है। आज प्रदेश के निर्यात में ओडीओपी उत्पादों की लगभग 50 प्रतिशत भागीदारी है। वहीं, 81 जीआई टैग के साथ उत्तर प्रदेश की विशिष्ट उत्पाद परंपराएं वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं।सीएम योगी ने प्रदेशवासियों से इस दीपावली पर ओडीओपी उत्पादों को उपहार स्वरूप अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश की समृद्ध विरासत और कारीगरों, शिल्पकारों एवं उद्यमियों के परिश्रम के प्रति सम्मान है।

दीपावली पर मिलावटखोरों पर एफएसडीए की कार्रवाई, 12 टोल नाकों पर छापे

48 वाहनों की जांच में 22 कुंतल दुर्गंधयुक्त खोया और 28 कुंतल पनीर पकड़ा

लखनऊ, दीपावली के त्योहार पर लोगों की थाली तक मिलावटी और असुरक्षित खाद्य पदार्थों की पहुंच रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) प्रदेशभर में प्रवर्तन कार्रवाई कर रहा है। विभाग के 'शुद्ध ही शुभ है' अभियान के तहत एक ओर करीब 12 टोल नाकों और प्रमुख चौराहों पर वाहनों की सघन जांच की गई, तो दूसरी ओर मिठाई और खाद्य पदार्थ बनाने वाली इकाइयों पर छापेमारी कर मिलावट तथा गंदगी के गंभीर मामले पकड़े गए। वाहन जांच के



दौरान 48 वाहनों से खाद्य पदार्थों की ढुलाई की पड़ताल की गई। इसमें कानपुर नगर में करीब 22 कुंतल दुर्गंधयुक्त खोया और हापुड़ में अस्वच्छ परिस्थितियों में ले जाया जा रहा करीब 28 कुंतल पनीर पकड़ा गया। अभियान के दौरान करीब 60 कुंतल असुरक्षित एवं अस्वच्छ परिस्थितियों में रखे या परिवहन किए जा रहे खाद्य पदार्थ नष्ट कराए गए। वहीं, गंभीर अनियमितताओं पर प्रदेश में अब तक 32 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित कर कारोबार बंद कराया जा चुका है।खाद्य पदार्थों की अवैध और असुरक्षित ढुलाई पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के सहयोग से चलाए गए विशेष वाहन चेकिंग अभियान में अलग-अलग जिलों में बड़ी मात्रा में संदिग्ध खाद्य सामग्री पकड़ी गई। मऊ में 230 किलोग्राम असुरक्षित खोया बरामद हुआ, जबकि कानपुर नगर में करीब 22 कुंतल दुर्गंधयुक्त खोया पकड़ा गया। रामपुर में 350 लीटर दूध और हापुड़ में करीब 28 कुंतल पनीर अस्वच्छ परिस्थितियों में परिवहन करते हुए मिला। बाराबंकी और उन्नाव में भी पनीर पकड़ा गया। गौतमबुद्धनगर में संदिग्ध पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं।मुरादाबाद में पहले प्रतिबंधित किए जा चुके एक खाद्य कारोबारी के गुप्त ठिकाने पर छापेमारी के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले अपमिश्रक और रसायन बरामद हुए। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बुलंदशहर, मथुरा और मुरादाबाद में मिलावट के लिए अपमिश्रक एवं रसायन मिलने पर एफआईआर की कार्रवाई भी की गई है।

डिजिटल संसाधनों के उपयोग की होगी समीक्षा

लखनऊ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार विद्यालयी शिक्षा को आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में समग्र शिक्षा के अंतर्गत उच्च प्राथमिक, कंपोजिट एवं पीएम श्री विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, डिजिटल पुस्तकालय और आईएफपी पैनल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन संसाधनों के प्रभावी उपयोग के लिए राज्य परियोजना कार्यालय ने चार गाइड वीडियो तैयार कर विभागीय यूट्यूब चैनल 'निपुण भारत उत्तर प्रदेश' पर उपलब्ध कराए हैं। इधर, अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, डिजिटल पुस्तकालय और आईएफपी पैनल के उपयोग संबंधी गाइड वीडियो सभी शिक्षक देखें और उपलब्ध डिजिटल संसाधनों का कक्षा-शिक्षण में दैनिक उपयोग सुनिश्चित करें। ज्ञात हो कि इस पहल से तकनीक आधारित शिक्षण को गति देने और विद्यार्थियों के लिए सीखने की प्रक्रिया को अधिक सहज, रोचक एवं प्रभावी बनाने का लक्ष्य है।राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी ने संयुक्त निदेशक, सहायक निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, एसआरजी एवं एआरपी को निर्देश दिए हैं कि सभी शिक्षक जारी किए गए चारों गाइड वीडियो देखें।

यूपी में रिजीम चेंज के लिए हो रहा एसआईआर-आराधना मिश्रा



लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि भाजपा देश और प्रदेश भर में जो लोकतंत्र बचाओ,अराजकता हटाओ यात्राएं निकाल रही है, वे असल में प्रजातंत्र के खिलाफ हैं, क्योंकि एसआईआर के नाम पर करोड़ों वोट काट दिये गये। उन्होने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह की उत्तर प्रदेश यात्रा और ज्ञानेश कुमार का वोट काटना, दोनों प्रदेश में रिजीम चेंज के लिए हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर इसी उद्देश्य से कराया जा रहा है और इसके पीछे भाजपा का शीर्ष नेतृत्व है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन गोरखपुर में, केंद्रीय मंत्री जेपी नडडा बरेली में और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान लखनऊ में शामिल हुए। जबकि अमित शाह गृह मंत्री अमित शाह हैदराबाद और करनाल में इसी अभियान का हिस्सा बने। यह बातें उन्होने गुरूवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में हम सब वोट चोरों के खिलाफ इस प्रजातंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। हमें विश्वास है कि देश यह लड़ाई जीतेगा और हम प्रजातंत्र की पुर्नस्थापना में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की लोकतंत्र बचाओ यात्रा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के समर्थन में और देश के प्रजातंत्र के खिलाफहै।

देश में लोग फिर से मतपत्र के जरिए मतदान की मांग कर रहे हैं-मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने इलेक्ट्रॉनिक



वोटिंग मशीन-आधारित चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर बृहस्पतिवार को सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि

6 दिसम्बर को शक्ति प्रदर्शन दिखायेगी बसपा

मायावती ने साथ ही यह दावा भी किया कि आबादी का एक बड़ा वर्ग मतपत्र प्रणाली की वापसी की मांग कर रहा है। बसपा उत्तर प्रदेश प्रदेश कार्यालय कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश, मंडल सहित सभी स्तर के पदाधिकारी और राज्य के 75 जिलों के जिला अध्यक्ष शामिल हुए। पार्टी द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक मायावती ने कहा कि मतदान प्रक्रिया की विश्वसनीयता को लेकर चिंताएं सामने आने के बाद उनकी पार्टी ईवीएम के इस्तेमाल का विरोध करने वाली पहली पार्टी थी। उन्होंने कहा, बसपा द्वारा बहुजन समाज की एकजुटता और जागरुकता के बाद ईवीएम (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) को भी हथियार बनाकर स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान को प्रभावित करने का नया तरीका अविष्कार करने के आरोपों के मद्देनजर जब उसका सर्वप्रथम विरोध बसपा ने मतदान की अविश्वसनीयता को देख कर किया तब विरोधी पार्टियों व यथा-व्यवस्थावादी तत्वों आदि को यह अच्छा नहीं लगा। उन्होंने कहा,आज देश की अधिकतर जनता ईवीएम पद्धति आदि को स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया को प्रथमदृष्टया सही नहीं मानकर मतपत्र से चुनाव कराने की पहली जैसी व्यवस्था बहाली की मांग कर रही है। वैसे चुनावी धांधलियों के मामलों में कांग्रेस पार्टी का दामन भी सर्वविदित तौर पर काफी दागदार रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था के खोखले होने का मूल कारण एक पूरी तरह से विश्वसनीय, स्वतंत्र, निष्पक्ष और जवाबदेह चुनाव प्रणाली का न होना है। उन्होंने कहा कि 6 दिसम्बर को लखनऊ में एक बड़ी रैली का आयोजन होगा जिसमें कार्यकर्ता को चुनाव जीतने का मंत्र दिया जायेगा। उन्होंने इस मुद्दे को उठाने में जेन जी (युवा पीढ़ी) की भागीदारी का भी उल्लेख किया और कहा कि युवाओं ने इसे एक नयी दिशा दी है और इसे एक प्रमुख सार्वजनिक मुद्दा बना दिया है। उन्होंने सवाल किया, इस मुद्दे को दबाने के लिए हर स्तर पर कोशिशें की जा रही हैं। लेकिन क्या आग से आग बुझाना सही है? मायावती ने आरोप लगाया कि धन-बल, सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग और राजनीति के अपराधीकरण ने लंबे समय से चुनावों को प्रभावित किया है। उन्होंने एक स्वतंत्र, निष्पक्ष और विश्वसनीय मतदान प्रक्रिया की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गरीबों, मजदूरों और बेरोजगार युवाओं के हितों की रक्षा के लिए चुनावी शुचिता (ईमानदारी) बहुत जरूरी है।

दीपोत्सव में आकर्षण का केंद्र बना सरयू की रेत से तैयार दिव्य दरबार



अयोध्या, सीएम योगी के विजन के अनुरूप रामनगरी के दीपोत्सव में इस बार कला और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। अयोध्या के राम कथा पार्क के पास सरयू की रेत से तैयार दिव्य दरबार दीपोत्सव में आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना है। 220 टन बालू से भगवान श्रीराम का यह भव्य दरबार साकार किया जा रहा है। रेत पर उकेरी जा रही यह विशाल कलाकृति दीपोत्सव में आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन रही है। 50 फीट लंबी और 20 फीट ऊंची इस कलाकृति में भव्य राम मंदिर के साथ प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान की आकृतियां बनाई जा रही हैं। इसकी विशालता और कलात्मक बारीकियां इसे खास बना रही हैं। इस भव्य सैंड आर्ट को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बिहार के कलाकार मधुरेंद्र कुमार तैयार कर रहे हैं। वह अपने सहयोगियों के साथ इसके निर्माण कार्य में जुटे हैं। विशाल आकार में तैयार हो रहे राम दरबार के माध्यम से कलाकार अयोध्या की धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत को कलात्मक अभिव्यक्ति दे रहे हैं।

लाभार्थियों के लिए आवास योजना की हरी झण्डी



लखनऊ। मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में गठित राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (एसएलएसएमसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत लाभार्थियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बीएलसी) घटक के अंतर्गत प्रदेश के 205 नगर निकायों में कुल 1,01,483 आवासों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई। इन आवासों की स्वीकृति के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बीएलसी घटक के अंतर्गत प्रदेश में स्वीकृत आवासों की कुल संख्या बढ़कर 5,90,007 हो जाएगी। यह निर्णय शहरी क्षेत्रों में पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को अपना पक्का मकान उपलब्ध कराने तथा उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी) घटक के अंतर्गत स्वीकृत 13 परियोजनाओं के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इन परियोजनाओं के लिए थर्ड पार्टी क्वालिटी मॉनिटरिंग के तहत प्राप्त रिपोर्ट के सापेक्ष तैयार की गई अनुपालन आख्या (एटीआर) को स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे संबंधित परियोजनाओं के लिए केंद्रांश की आगामी किश्त प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा। मुख्य सचिव ने एएचपी घटक के अंतर्गत स्वीकृत सभी आवासीय परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने परियोजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने पर बल दिया। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास पी.गुरुप्रसाद सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

महापौर ने दिल्ली में रक्षामंत्री से की शिष्टाचार भेंट



लखनऊ। राजधानी की महापौर सुषमा खर्कवाल ने आज दिल्ली में देश के रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से उनके शासकीय आवास पर शिष्टाचार भेंट किया। इस दौरान महापौर ने उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। भेंट के दौरान लखनऊ नगर निगम द्वारा शहर में कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रयासों पर भी चर्चा हुई। महापौर ने लखनऊ नगर निगम के विकास कार्यों की प्रगति से उन्हें अवगत कराया तथा उनके मार्गदर्शन एवं सुझाव प्राप्त किए।

दीपावली पर रेलवे स्टेशनों व ट्रेनों में होगी निगरानी



लखनऊ -दीपावली एवं छठ पूजा के दौरान यात्रियों की संभावित अतिरिक्त संख्या को देखते हुए उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा यात्रियों के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं ों डीआरएम सुनील वर्मा ने कहा लखनऊ, वाराणसी जंक्शन, अयोध्या धाम एवं अयोध्या कैंट सहित प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, टिकटिंग, यात्री सुविधाओं एवं विशेष ट्रेनों के संचालन की विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है।लखनऊ स्टेशन के पीआरएस भवन में होल्डिंग एरिया उपलब्ध कराया गया है तथा प्लेटफॉर्मों पर 26 अस्थायी शेल्टर लगाए गए हैं। वाराणसी जंक्शन पर 400 से 500 यात्रियों की क्षमता वाला होल्डिंग एरिया विकसित किया जा रहा है। वहीं अयोध्या धाम एवं अयोध्या कैंट स्टेशनों पर 2,500-2,500 यात्रियों की क्षमता वाले अतिरिक्त होल्डिंग एरिया प्रस्तावित हैं।सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत लखनऊ, वाराणसी जंक्शन एवं अयोध्या धाम स्टेशनों पर कुल 386 कैमरों से निगरानी की जा रही है। लखनऊ एवं वाराणसी जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल के 45-45 जवान प्रति शिफ्ट तथा अयोध्या धाम स्टेशन पर 17 जवान प्रति शिफ्ट तैनात रहेंगे। बैगेज स्कैनर एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की भी व्यवस्था की गई है।त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए लखनऊ मंडल से होकर चलने वाली 54 जोड़ी विशेष ट्रेनों के कुल 1,704 फेरे निर्धारित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 09 से 13 नवम्बर 2026 के मध्य आवश्यकता के अनुसार 10 छठ विशेष ट्रेन सेवाएं चलाने की योजना है। लखनऊ स्टेशन पर 7 अतिरिक्त रेक उपलब्ध रखे जाएंगे। साथ ही 8 नियमित ट्रेनों में निर्धारित अवधि के दौरान एक-एक अतिरिक्त शयनयान कोच लगाया जा रहा है।टिकटिंग सुविधा के लिए लखनऊ स्टेशन पर 23, वाराणसी जंक्शन पर 24 तथा अयोध्या धाम एवं अयोध्या कैंट स्टेशनों पर 7-7 उपलब्ध हैं।

राम की पैड़ी पर नई सुविधाओं का लुत्फउठा रहे पर्यटक

लखनऊ। योगी सरकार के आयोजन दीपोत्सव-2026 में एक तरफअयोध्या जहां



30 लाख दीपों से जगमगाने को तैयार है, वहीं सरयू किनारे राम की पैड़ी पर विकसित नया पर्यटन आकर्षण भी पर्यटकों का स्वागत कर रहा है। यहां आने वाले पर्यटक विजिटर गैलरी, सेल्फी प्वाइंट और दर्शक दीर्घा के साथ पर्यटन सुविधाओं का आनंद ले रहे हैं। 23.68 करोड़ रुपये से तैयार इस परियोजना में ओपन एयर थिएटर, आकर्षक प्रवेश द्वार, मंच, म्यूरल वॉल और पत्थर से बनी कई कलात्मक संरचनाएं विकसित की गई हैं। इससे राम की पैड़ी का स्वरूप और आकर्षक होने के साथ ही यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को नया अनुभव दे रहा है।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद अयोध्या के तहत पर्यटन विभाग की इस परियोजना के फेज-2 के तहत राम की पैड़ी का विकास करते हुए ओपन एयर थिएटर बनाया गया है। इसके साथ प्रवेश द्वार और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मंच तैयार किया गया है। दर्शकों के बैठने और कार्यक्रम देखने के लिए दर्शक दीर्घा विकसित की गई है। विजिटर गैलरी और सेल्फी प्वाइंट भी इस परियोजना का हिस्सा है। इन सुविधाओं से राम की पैड़ी पर आने वाले पर्यटकों को न केवल परिसर को करीब से देखने का अवसर मिलेगा, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी बेहतर स्थान उपलब्ध होगा।राम की पैड़ी की सुंदरता बढ़ाने के लिए छह स्टोन छतरियों और छह

अयोध्या 30 लाख दीपों से जगमगाने को तैयार

स्टोन ज्योति दीपों का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा स्टोन स्तंभ, स्टोन प्लांटर और स्टोन जाली भी बनाई गई है। परिसर में ग्रीन एरिया विकसित करने के साथ पर्यटकों की सुविधा के लिए दिशा सूचक लगाए गए हैं। यहां शिलालेख और प्रकाश व्यवस्था का काम भी कराया गया है। इन निर्माण कार्यों के जरिए परिसर को आकर्षक स्वरूप देने के साथ पर्यटकों की सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है। परियोजना में म्यूरल वॉल के निर्माण के साथ अन्य पर्यटन विकास कार्य भी शामिल हैं। सरयू किनारे राम की पैड़ी पर विकसित की गई ये सुविधाएं अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को नया अनुभव देंगी। उन्होंने बताया दीपोत्सव के दौरान अयोध्या में पर्यटकों की संख्या बढ़ जाती है, ऐसे में इस तरह की सुविधाएं शहर के धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को और विस्तार देंगी। उन्होंने बताया यह परिसर दीपोत्सव-2026 के अलावा पूरे साल अयोध्या आने वाले पर्यटकों के लिए उपयोगी रहेगा।

दीपावली पर निर्बाध रूप से चलती रहेंगी यूपी-112 की आपात सेवाएं



लखनऊ।दीपावली महापर्व 6 से 11 नवंबर के दौरान यूपी-112 की आपातकालीन सेवाएं निर्बाध और प्रभावी रूप से चलती रहें, इसके लिए यूपी-112 मुख्यालय में तैयारियों की समीक्षा की गई।पुलिस महानिदेशक, यूपी-112 बिनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि त्योहार के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।बैठक में कहा कि 6 से 11 नवंबर तक मुख्यालय के राजपत्रित अधिकारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है, ताकि लगातार निगरानी बनी रहे। उन्होंने कहा कि निरीक्षक से लेकर आरक्षी तक सभी अराजपत्रित कार्मिकों की ड्यूटी चार शिफ्टों में लगेगी। हाई प्रायोरिटी इवेंट्स की सघन निगरानी होगी और पीड़ित को पीआरवी के जरिए जल्द से जल्द मदद पहुंचाई जाएगी।डीजी यूपी-112 ने कहा कि सिस्टम इंटीग्रेटर और सेवा प्रदाता एजेंसियों के प्रतिनिधियों का भी शिफ्टवार रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि तकनीकी व्यवस्था में कोई रुकावट न आए।

भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने के लिए हथकंड़े अपना रही-अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र के खिलाफलगातार साजिश करने में जुटी है। लोकतंत्र को खत्म करने के लिए तरह-तरह के हथकंड़े अपना रही है। मतदाता सूची के एसआईआर के बाद अब निर्वाचन आयोग फार्म-6 के जरिए भाजपा के मतदाताओं की संख्या बढ़ाने की साजिश कर रहा है। श्री यादव ने कहा कि आधार कार्ड को वोटरलिस्ट से जोड़ा जाए। आधारकार्ड मेटल का बनाया जाए जिससे उसका डुप्लीकेट न बन सके। आधार कार्ड को बायोमेट्रिक के जरिए मतदाता सूची से जोड़ा जाना चाहिए। इससे चुनावी धांधली और वोट चोरी पर रोक लगेगी। यह बातें उन्होने गुरूवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को सम्बोधित



करते हुए व्यक्त कीं। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची को लेकर सतर्क और सावधान रहना है। भाजपा फर्जी वोट बढ़वाने की कोशिश करेगी। फर्जी वोट बनने से रोकना है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी को लेकर जनता आक्रोशित है। लेकिन निर्वाचन आयोग को कोई परवाह नहीं है। उन्होने आरोप लगाते हुये कहा कि भाजपा माफियाओं का गैंग है। सत्ता के संरक्षण में पूरे प्रदेश में अराजकता फैला रही है। वोट चोरी, चंदा चोरी और चढ़ावा चोरी करने वाली भाजपा को कोई लोकलाज नही है। वह जनता का वोट का अधिकार छीनकर लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। भाजपा सत्ता का दुरूपयोग कर रही है। सत्ता के संरक्षण में रैलियां, पदयात्रा निकाल कर अराजकता पैदा कर रही है। भाजपा की अराजकता से व्यापारी, छात्र, आम जनता सभी परेशान है। भाजपा ने पूरी व्यवस्था चौपट कर दी है। उत्तर प्रदेश को बबाद कर दिया है। उन्होने कहा कि भाजपा जनता का भरोसा खो चुकी है। जनता भाजपा के झूठ, लूट और बेईमानी को समझ गयी है। वह भाजपा पर भरोसा नहीं कर रही है।

पदयात्रा के नाम पर पूरे प्रदेश में अराजकता फैला रही भाजपा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान के साथ खिलवाड़ करने वाली भाजपा पदयात्रा के नाम पर सत्ता संरक्षण में पूरे प्रदेश में अराजकता फैला रही है। भाजपा की पदयात्रा ने लखनऊ में ट्रैफिक अराजकता फैलाकर आम लोगों के साथ-साथ मरीजों को जो तकलीफ पहुँचाई है, लखनऊवासी उससे बेहद खफा हैं। इसी तरह से भाजपा ने त्योहारी सीजन में कानपुर में पदयात्रा करके पहले से ही जाम से परेशान कानपुर शहर में अराजकता फैलाने का काम किया। एक तो कानपुर पहले से ही जाम की समस्या से जूझ रहा है ऊपर से भाजपाई पदयात्रा ने जाम कर दिया है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश की जनता को दुख और परेशानी के सिवा कुछ नहीं दिया है, भाजपा कानून और संविधान विरोधी है। अब जनता भाजपा का काम तमाम कर देगी । उन्होंने कहा कि भाजपा ही अराजकता है। यहां सत्ता में बैठकर राज करने वाले ही अराजक हो गए हैं। उन्होने कहा कि भाजपा झूठी और धोखेबाज पार्टी है। भाजपा को किसानों, नौजवानों, व्यापारियों किसी के दुख और परेशानी से कोई मतलब नहीं है। भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए किसी हद तक गिर सकती है वह सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। भाजपा के पास चरम पर पहुंच चुकी महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अन्याय, अत्याचार का कोई जवाब नहीं है। इसीलिए सड़क पर उतर कर जनता को भ्रमित कर रही है। 10 साल की सरकार के बावजूद भाजपा के पास जनता को बताने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। भाजपा ने सरकार में रहकर सिर्फबजट की लूट और भ्रष्टाचार किया है।